हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 11 नवंबर 2025

04 भावान्तर योजना के सुचारू संचालन के लिए...

07 नवंबर में पड़ रही हाड़ कंपाने वाली सर्दी, जलने...




## खबर संक्षेप

### तारीख बढ़ाई, अब 20 तक जमा होंगे असाइनमेंट

**सीहोर**। मुक्त इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय (इग्नू) ने दिसंबर टर्म-एंड परीक्षा के लिए असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि को फिर से बढ़ा दिया है। छात्र अब 20 नवंबर तक असाइनमेंट जमा कर सकते हैं। इसमें हार्ड और सॉफ्ट कॉपी दोनों जमा करना शामिल है। इग्नू की दिसंबर टर्म-एंड परीक्षा 1 दिसंबर से शुरू होगी और अंतिम परीक्षा 14 जनवरी को होगी। छात्र क्षेत्रीय केंद्र द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार अपने अध्ययन केंद्र या क्षेत्रीय केंद्र में असाइनमेंट जमा कर सकते हैं। उन्हें असाइनमेंट पर अपनी संपर्क जानकारी, जिसमें कार्यक्रम कोड, पाठ्यक्रम कोड, नामांकन संख्या, ईमेल, फोन नंबर आदि शामिल हैं, देना आवश्यक है।

### कोर्ट से फरार आरोपी 3 दिन बाद भी नहीं पकड़ा जा सका

**बुधनी**। पुलिस हिरासत से फरार हुए आरोपी को तीन दिन बीत जाने के बाद भी बुधनी पुलिस नहीं पकड़ पाई है। शुक्रवार को पेशी के दौरान अदालत परिसर से आरोपी रामसेवक चौहान (35 वर्ष), निवासी डोवी पुलिस की गिरफ्त से भाग गया था। जानकारी के अनुसार रामसेवक पर वर्ष 2020 में मारपीट का मामला दर्ज था और वह लंबे समय से अदालत में पेश नहीं हो रहा था। वारंटी के तौर पर उसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया था, लेकिन पेशी से पहले ही मौका पाकर वह फरार हो गया। घटना के बाद से ही पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई है, लेकिन अब तक आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया, मगर आरोपी के भागने की दिशा और ठिकाने को लेकर अभी तक कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है।

### इस माह जमा करना होगा जीवन प्रमाण-पत्र

**सीहोर** । हर पेंशनभोगी को साल में एक बार जीवन-प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है। इस प्रक्रिया में केवल हस्ताक्षर नहीं, बल्कि डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र या पारंपरिक ऑफलाइन मोड, दोनों विकल्प उपलब्ध हैं। आधार नंबर, बैंक खाता लिंकिंग, और अन्य विवरण अपडेट करना भी अनिवार्य है। जीवन-प्रमाण पत्र के लिए पहले आधार पेंशनभोगी के बैंक खाते से लिंक होना चाहिए।

### समग्र पोर्टल में आधार ई- केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर**। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा।

### 300 किसान खुले आसमान के नीचे ठंड में रात गुजारने को मजबूर

# भावांतर योजना में अव्यवस्था: एक ट्रॉली में दो पंजीयन पर विवाद, छोटे किसान परेशान

किसानों का कहना था कि मंडी प्रशासन छोटे किसानों की परेशानी समझने को तैयार नहीं है। "एक वाहन है, साधन नहीं, अलग-अलग उपज कैसे करें?" किसानों ने सवाल उठाते हुए कहा कि सुबह से आए हैं और शाम तक खरीद की बात कही जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



कृषि उपज मंडी भैरुंदा में भावांतर भुगतान योजना के तहत सोयाबीन खरीदी में अव्यवस्था थमने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को एक ही ट्रॉली में अपनी-अपनी सोयाबीन लेकर पहुंचे दो भाइयों को पंजीयन संबंधी उलझन का सामना करना पड़ा। दोनों भाईयों का पंजीयन अलग-अलग था, लेकिन मंडी प्रशासन ने एक ही गेट पास बना दिया। प्रशासन ने नीलामी के लिए ऊपज को अलग-अलग करने के निर्देश दिए, जबकि किसानों ने एक ही ट्रॉली में लाई गई उपज को एक साथ नीलाम करने की मांग की। साधन न होने और सुबह से लाइन में खड़े रहने के कारण किसान विरोध जताते रहे।

किसानों का कहना था कि मंडी प्रशासन छोटे किसानों की परेशानी समझने को तैयार नहीं है। "एक वाहन है, साधन नहीं, अलग-अलग ऊपज कैसे करें?" किसानों ने सवाल उठाते हुए कहा कि सुबह से आए हैं और शाम तक खरीद की बात कही जा रही है।





### वाहन फंसते रहे और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा

राला कृषि उपज मंडी प्रांगण में रविवार रात लगभग 300 किसानों को खुले आसमान के नीचे रात बितानी पड़ी। ठंड से ठिठुरते किसानों को न शौचालय की सुविधा थी और न ही बैठने की व्यवस्था। मिट्टी और बजरी में वाहन फंसते रहे और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। टोकन वितरण और

### मंडी में महंगी चाय-पानी, टोकन व्यवस्था पर सवाल

नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण में दुकानदारों द्वारा 10 रुपये की चाय और 15 रुपये की छोटी पानी की बोतल सहित अन्य सामग्री महंगे दामों में बेचने पर किसानों ने आपत्ति जताई। टैंकर व टंकी के पानी में गंदगी मिली। टोकन वितरण में अव्यवस्था और सूचना पट्ट की अनुपस्थिति से किसान परेशान रहे।किसानों ने मांग करते हुए कहा नवीन कृषि उपज मंडी प्रांगण में शौचालय, साफ़ पानी, बैठने और सुरक्षा सुविधाएँ , मंडी प्रांगण में किसानों की फसल को प्राथमिकता दे ओर टोकन वितरण और सूचना के लिए सूचना बैनर पोस्टर लगाए।

सूचना पट्ट की भी कोई व्यवस्था नहीं थी, जिससे किसानों में नाराज़गी रही।

**व्यापारी की फसल शेड में, किसान बाहर कार्रवाई नहीं:**किसानों ने आरोप लगाया कि जहां प्रशासन उन्हें खुले में रखने को मजबूर कर रहा है, वहीं मंडी के शेड में व्यापारियों की फसल रखी हुई है और अधिकारियों द्वारा उस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। इधर किसान खुले आसमान के नीचे रात गुजरने को मजबूत हैं।

### प्रशासन का आश्वासन अधूरा, किसानों को सुविधाएं नहीं मिलीं

बीते शुक्रवार को चक्काजाम के बाद प्रशासन ने किसानों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन सोमवार तक भी व्यवस्थाएँ नहीं सुधरीं। टेंट में व्यापारी और अधिकारी बैठे रहे, जबकि किसानों को अपने वाहनों पर बैठने को कहा गया। कई वाहन मिट्टी में फंसे, जिन्हें जेसीबी से निकालना पड़ा।

## एसआईआर के संबंध में एसडीएम तहसीलदार सहित अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है मतदान केंद्रों का निरीक्षण

### जिले में चरणबद्ध रूप से संचालित हो रही है एसआईआर प्रक्रिया



**सीहोर**। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया संचालित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. के निर्देशानुसार एसआईआर प्रक्रिया के प्रथम चरण में जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारी (BLO) घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं।

कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार एसआईआर के संबंध में जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है और बीएलओ को मार्गदर्शन दिया जा रहा है। इसके साथ ही सभी अधिकारी मतदाताओं को इस एसआईआर प्रक्रिया के गणना पत्रक भरने तथा बीएलओ के पास जमा करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस दौरान सभी अधिकारी बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ), बूथ लेवल एजेंटों एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर एसआईआर प्रक्रिया के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन भी दे रहे हैं।

### प्रक्रिया को तीन चरणों में संचालित किया जा रहा

उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग द्वारा इस विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया को तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है। प्रथम चरण में घर-घर जाकर गणना पत्रक भरने एवं सत्यापन का कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक संचालित किया जा रहा है।

इसके पश्चात 9 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जिस पर 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियाँ आमंत्रित की जाएंगी। सुनवाई एवं प्रमाणीकरण की प्रक्रिया 31 जनवरी 2026 तक पूर्ण की जाएगी तथा 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य जिले की मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र नाम सूची में शामिल न हो।

## बर्फबारी के कारण बढ़ रही ठंड, विभाग ने शीत लहर अलर्ट किया जारी

**सीहोर**। पहाड़ों में हो रही भारी बर्फबारी के कारण उत्तरी हवाओं का रुख सीधे मध्य प्रदेश की ओर हो गया है, जिसके चलते प्रदेश के कई जिले सहित सीहोर भी शीतलहर की चपेट में है। रविवार-सोमवार की रात सीहोर में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे तेज ठंड महसूस की गई। मौसम विभाग ने सोमवार को भी सीहोर में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है, जहां कड़ाके की ठंड जारी रहने की संभावना है। पिछले दो दिनों से सीहोर प्रभाव रहा है। आज सोमवार को भी मौसम विभाग ने जिले के लिए भी तेज ठंड अलर्ट जारी किया है।

**तीव्र ठंड से बचाव के लिए यह करें** : ठंड और शीतलहर के प्रभाव से बचने तथा स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इन बातों का ध्यान रखें. शरीर को गर्म रखने के लिए ऊनी और गर्म कपड़े पहनें। सिर, कान, हाथ और पैर ढकने के लिए टोपी, मफलर/स्कार्फ, दस्ताने और गर्म मोजे जरुर पहनें। शरीर को अंदर से गर्म रखने के लिए सूप, चाय, हल्दी वाला दूध जैसे गर्म पेय और भोजन का नियमित सेवन करें। घर के बच्चों, शिशुओं और बुजुर्गों को अतिरिक्त गर्म कपड़े पहनाएं और सुनिश्चित करें कि वे ठंड के सीधे संपर्क में न आएं। कमरे में हीटर या अंगीठी का उपयोग करते समय वेंटिलेशन सुनिश्चित करें, ताकि कार्बन मोनोऑक्साइड गैस का जमाव न हो। सोने से पहले हीटर बंद कर दें। यदि संभव हो तो दिन में थोड़ी देर धूप में रहें, इससे शरीर को गर्माहट और विटामिन डी मिलेगा।

**इन बातों का रखें ध्यान** : अगर बहुत जरूरी न हो तो शीतलहर के समय सुबह और देर रात की यात्रा करने से बचें। बंद जगह या कम हवादार कमरे में कोयले की अंगीठी या अलाव न जलाएं। इससे निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड जानलेवा हो सकती है। भीगे हुए कपड़े या जूते पहनने से बचें, क्योंकि इससे शरीर की गर्मी तेजी से कम होती है। शराब पीने से शरीर में गर्माहट का झूठा अहसास होता है, लेकिन वास्तव में यह शरीर के तापमान को तेजी से कम कर देती है, जो खतरनाक हो सकता है। बहुत सुबह या देर शाम जब ठंड चरम पर हो, तब बाहर कड़ा व्यायाम करने से बचें, क्योंकि यह आपके स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है।

## गिरिराज बाबा की झांकी सजाई, लगाया 56 भोग

### माहेश्वरी समाज के तत्वावधान में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इस साल भी शहर के छावनी स्थित माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी समाज के तत्वाधान में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर गिरिराज बाबा की झांकी सजाई और 56 भोग लगाकर प्रसादी का वितरण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल थे।

माहेश्वरी समाज अध्यक्ष योगेश राठी महिला मंडल अध्यक्ष आभा कासट ने बताया कि दीपावली के पश्चात प्रतिवर्ष समाज के द्वारा 56 भोग और गिरिराज बाबा की झांकी सजाई थी, इस मौके पर भजन कीर्तन से माहौल भक्तिमय था। अन्नकूट की महिमा प्रकृति के प्रति आभार, धार्मिक महत्व और शारीरिक स्वास्थ्य में निहित है। यह भगवान श्रीकृष्ण की इंद्र पर विजय का प्रतीक है और इस पर्व को मनाने से घर में अन्न की कमी नहीं होती। साथ ही, यह स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन प्रदान करता है जो बदलते मौसम में शरीर को ऊर्जा और प्रतिरक्षा प्रदान करता है। इस मौके पर भागवत भूषण पंडित हर्षित शास्त्री महाराज ने सुंदर भजन प्रस्तुत किया कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, आशीष गहलोत विशेष रूप से उपस्थित हुए। माहेश्वरी समाज अध्यक्ष योगेश राठी महिला मंडल अध्यक्ष आभा कासट एवं अन्य पदाधिकारी ने अतिथियों का स्वागत किया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

### भावांतर योजना में 4036 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी

**सीहोर**। भावांतर योजना 2025 अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 10 नवंबर को 4036 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया है कि यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी।

मॉडल रेट में लगातार 2 दिनों से वृद्धि जारी रही। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी हुआ था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए और 9 नवंबर को 4036 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ।

## उभरते खिलाड़ियों का अलग अलग प्रतियोगिताओं में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के आवासीय क्रिकेट मैदान में संचालित दुबाने क्रिकेट अकादमी के उभरते खिलाड़ी दिव्यम यादव का चयन राज्य स्तरीय अंडर 14 प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

उनके इस चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए अकादमी के हेड कोच अक्षय दुबाने ने बताया कि दिव्यम लेफ्ट हैंड के उभरते तेज गेंदबाज है, उनका चयन पिछले दिनों विदिशा में आयोजित हुई संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के दम पर हुआ है, उक्त प्रतियोगिता में दिव्यम ने 3 ओवरों की गेंदबाजी में मात्र 3 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट प्राप्त किए थे। श्री दुबाने ने साथ ही बताया कि शहर के बीएसआई मैदान पर आयोजित हुई भोपाल संभाग की इंटर डिसट्रिक्ट प्रतियोगिता के लिए अकादमी के लिए तेज गेंदबाज लोकेंद्र धनगर, ओपनर बल्लेबाज कृष्णा बॉथम, युवराज जादौन और विकेट कीपर बल्लेबाज के रूप में रोहित चौहान का चयन किया गया था। जिसमें चारों ही खिलाड़ियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, सचिव वीरेंद्र वर्मा, मनोज दीक्षित मामा, आवासीय विद्यालय के प्राचार्य आलोक शर्मा, जिला खेल अधिकारी अताउल्ला खान, आशीष शर्मा, मोनू परमार, अकादमी के कोच अजय चंदेल, मदन कुशवाह, कमलेश पारोचे, रूपेश पारोचे, सचिन कीर आदि ने बधाई दी।

### 42 शासकीय सेवकों का शॉल-श्रीफल भेंट कर किया सम्मान

# शासकीय सेवा से सेवानिवृत्ति का अर्थ जीवन से सेवानिवृत्ति नहीं है : कलेक्टर बालागुरू के.

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




शासकीय सेवा से रिटायर होना जीवन से रिटायर होना नहीं है। सेवानिवृत्ति सक्रिय जीवन का अंत नहीं, बल्कि एक नए अध्याय की शुरुआत है, जिसमें व्यक्ति अपने अनुभवों और ज्ञान का उपयोग समाज व नई पीढ़ी के हित में कर सकते है। यह बात कलेक्टर बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सेवानिवृत शासकीय सेवकों को पीपीओ वितरण एवं सम्मान समारोह में कही।

उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारी प्रशासन की अमूल्य पूंजी हैं। उनका अनुभव प्रशासन और समाज दोनों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कलेक्टर ने कहा कि रिटायरमेंट के बाद भी व्यक्ति सामाजिक कार्य, पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता और सेवा कार्यों में सक्रिय रह सकता है। कलेक्टर ने यह भी कहा कि गीता में लिखा है कि हमें कर्म करते रहना चाहिए, क्योंकि कर्म ही जीवन का सार है।

उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके दीर्घ, सफल और अनुकरणीय सेवाकाल के लिए शुभकामनाएं दीं और उनसे समाज हित के कार्यों में सक्रिय बने रहने का आग्रह किया। कलेक्टर बालागुरू के. ने सम्मान समारोह में विभिन्न विभागों के 42 सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों का साल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया और पीपीओ प्रदान किया। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी नेहा सिंघई सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम

**सीहोर।** सड़क दुर्घटना में घायलों के त्वरित उपचार के लिए सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम क्रियान्वित की गई है। इसके तहत पीड़ित ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ित एक लाख पचास हजार रुपए तक की रकम के नकदी रहित उपचार करा सकता है। गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को गोल्डल आवर के अंदर अस्पताल तक में जाकर उनकी सहायता करने वाले राह-वीरों को प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार रुपए एवं सर्टिफिकेट दिया जा रहा है।

### हाउसिंग बोर्ड गेट पर लगता है जाम

**सीहोर।** हाउसिंग बोर्ड रेलवे फाटक पर बार-बार जाम की स्थिति बन रही है। ऐसे में हाउसिंग बोर्ड की ओर आने-जाने वाले लोग खासे परेशान हो रहे हैं। बता दें कि हाउसिंग बोर्ड रेलवे गेट पर आरओबी बनाने वाली कंपनी ने यहां सही तरह से एप्रोच रोड नहीं बनाया है। जिसके कारण खराब रास्ते से वाहनों को निकलना पड़ता है। मिट्टी के लगे ढेर पर वाहनों के पलटने का डर बना रहता है। ऐसे में यहां बार-बार जाम की स्थिति बन जाती है। लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## शिकायतें लापरवाही का संकेत, जनता की सेवा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता: कलेक्टर बालागुरु के.

# भावान्तर योजना के सुचारू संचालन के लिए नोडल अधिकारी करें मंडियों का निरीक्षण: कलेक्टर

### कलेक्टर बोले समयानुकूल फसल परिवर्तन और वैज्ञानिक खेती पद्धतियां ही भविष्य में कृषि को लाभकारी बनाने का आधार है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के ने कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत का अर्थ है कि संबंधित अधिकारी ने अपनी जिम्मेदारी पूरी तरह नहीं निभाई या अपने दायित्व में लापरवाही बरती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रशासनिक अमला जनता की सेवा के लिए है, इसलिए जनता के काम हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। यह बात कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक के दौरान अधिकारियों से कही। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें प्राथमिकता से बंद कराई जाएं।

कलेक्टर बालागुरू के. ने भावान्तर भुगतान योजना के प्रभावी एवं पारदर्शी संचालन के लिये अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी नियमित रूप से कृषि उपज मंडियों का निरीक्षण करें और किसानों की तात्कालिक समस्याओं का स्थल पर ही निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिये कि किसानों का उपज के विक्रय के बाद जल्द भुगतान किया जाना सुनिश्चित करें। नीलामी प्रक्रिया के दौरान बोली को कृत्रिम रूप से नीचे आने से रोकने के लिये नोडल अधिकारी और मंडी सचिव को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि मंडी की व्यवस्थाओं के साथ ही व्यापारियों के स्टॉक की जांच भी की जाये तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि भावान्तर भुगतान सभी पात्र किसानों को मिलना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारियों की सक्रियता और पारदर्शी कार्यप्रणाली से ही किसानों का विश्वास मजबूत होगा और भावान्तर योजना का उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना सिंह यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, रविन्द्र परमार, एसडीएम तन्मय वर्मा, स्वाति मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर जमील खान सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

**निर्माण कार्यों के दौरान अन्य विभागों की संपत्तियों को क्षति न पहुँचाएं :** कलेक्टर बालागुरू के. ने बैठक में कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान कई बार अन्य विभागों के निर्माण कार्य या संपत्तियाँ क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे शासन का धन हानि होती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह जनता के पैसे की बर्बादी है, जिसे हर हाल में रोका जाना चाहिए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि अपने निर्माण कार्य करते समय विशेष सावधानी बरतें, ताकि किसी अन्य विभाग की संपत्ति या संरचना को कोई नुकसान न पहुँचे। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश अन्य विभाग की संपत्ति को क्षति पहुँचती है, तो उसकी तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि जनता को असुविधा न हो। कलेक्टर ने यह भी कहा कि विभागों के बीच आपसी समन्वय और कार्य की पूर्व सूचना प्रणाली को मजबूत किया जाए, ताकि निर्माण कार्य सुचारू रूप से हो सकें और सरकारी संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

**किसान करें फसल पैटर्न में बदलाव, सिंचाई के लिये अपनाएं आधुनिक तकनीके :** कलेक्टर बालागुरू के. ने कृषि, उद्यानिकी सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को फसल पैटर्न (क्रॉप पैटर्न) में आवश्यक बदलाव करने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि जल संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली फसलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। किसानों को स्प्रिंकलर, ड्रिप जैसी सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जाए, जिससे जल का समुचित उपयोग हो और सिंचाई की लागत में कमी आए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि कृषि वैज्ञानिकों और कृषि अधिकारियों के माध्यम से किसानों को नवीन तकनीक, कम लागत और अधिक उत्पादन वाली फसलों के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि समयानुकूल फसल परिवर्तन और वैज्ञानिक खेती पद्धतियाँ ही भविष्य में कृषि को लाभकारी बनाने का आधार हैं।

### एसआईआर कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता, नोडल अधिकारी करें मतदान केंद्रों का भ्रमण

कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी एसआईआर की प्रक्रिया को गंभीरता से निर्धारित समय सीमा में पूरा करें। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी नियमित रूप से मतदान केंद्रों का भ्रमण करें और वहां की स्थिति का निरीक्षण कर एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को किसी प्रकार की कठिनाई आती है, तो उसका तत्काल समाधान और हर संभव सहयोग किया जाए। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त स्टाफ की व्यवस्था भी की जाए, ताकि कार्य में कोई विलंब न हो। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और सभी का नाम सही रूप से दर्ज हो। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि यह कार्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है, इसलिए इसे पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ संपन्न किया जाए। कलेक्टर बालागुरू के. ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में गीता मानस भवन के लिए उपयुक्त भूमि का चयन कर आवंटन की कार्यवाही में तेजी लाई जाए। उन्होंने रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा अन्य परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण, मुआवजा वितरण तथा नामांतरण की कार्रवाई में गति लाने के लिए राजस्व एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को समन्वय कर कार्य करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने वन अधिकार के लंबित दावे, वन ग्राम से राजस्व ग्रामों में संपरिवर्तन तथा वन खण्डों के व्यवस्थापन की कार्रवाई में गति लाने के राजस्व तथा वन अधिकारियों को निर्देश दिए।

## पत्नी को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

### पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई आरोपी को न्यायालय में किया पेश



**रेहटी।** पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी रेहटी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में गठित टीम ने पत्नी को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना के अनुसार 22 अक्टूबर 2025 को रेहटी थाना क्षेत्र में सुचित्रा मेहरा पति पप्पू उर्फ राहुल मेहरा उम्र 31 वर्ष निवासी चंदवाना थाना खातेगांव जिला देवास ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली थी। जांच के दौरान सामने आया कि मृतिका को उसके पति पप्पू उर्फ राहुल मेहरा, सास सुमन बाई, ननंद संतू बाई और पप्पी बाई द्वारा शादी के कुछ समय बाद से ही जमीन बेचने को लेकर लगातार परेशान किया जा रहा था। मानसिक तनाव से त्रस्त होकर मृतिका ने शासकीय अस्पताल परिसर रेहटी में सल्फास खाकर अपनी जान दे दी। चश्मदीद गवाहों मृतिका के जीजा लखनलाल मेहरा, राजेंद्र मेहरा, चाचा रामसिंह मेहरा एवं भाइयों सुरेंद्र मेहरा व मुकेश मेहरा के कथनों के आधार पर पुलिस ने मर्ग क्र.85/25 धारा 194 बीएनएस से अपराध क्र.594/25 धारा 108,3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए निरीक्षक राजेश कहारे के मार्गदर्शन में उप निरीक्षक महेश धुर्वे द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी पप्पू उर्फ राहुल मेहरा पिता हरीप्रसाद मेहरा उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम चंदवाना थाना खातेगांव जिला देवास को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कहारे, उप निरीक्षक महेश सिंह धुर्वे, प्रआर.जयनारायण, आर. विकास नागर, आर. शिवम एवं मआर. मनीषा वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## बुधवार को भैरव अष्टमी पर फूलों से सजेगा कालभैरव का मंदिर

### उत्साह के साथ मनाया जाएगा जन्मोत्सव का आयोजन



**सीहोर।** हर साल की तरह इस साल भी शहर के छावनी स्थित श्री भैरव मंदिर में भैरव अष्टमी पर बुधवार को जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सुबह मंदिर परिसर में रंगीन फूलों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा और उसके उपरांत शाम को जन कल्याण के लिए हवन आदि के कार्यक्रम के पश्चात आरती और रात्रि सात बजे से महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

शहर के छावनी स्थित बड़ा बाजार-चरखा लाइन स्थित मंदिर में श्रद्धालु समाजसेवी संजय सोनी और रामेश्वर सोनी के द्वारा यहां पर साफ-सफाई के अलावा छप्पन भोग आदि की तैयारियां की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी काल भैरव अष्टमी के पावन अवसर पर शहर कोतवाल बाबा काल भैरव के नाम से प्रसिद्ध मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ महा आरती का आयोजन किया जाता है। लंबे समय से यहां पर श्रद्धालुओं के द्वारा भैरव अष्टमी पर भगवान को छप्पन भोग लगाने के उपरांत भंडारे में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया जाता है।

उन्होंने बताया कि काल भैरव की पूजा करने से सभी प्रकार की नकारात्मकता और बुरी शक्तियां दूर होती हैं। भगवान भैरव के बटुक भैरव, महाकाल भैरव और स्वर्णाकर्षण भैरव प्रमुख रूप हैं। इनमें से भक्त बटुक भैरव की ही सर्वाधिक पूजा करते हैं। तंत्रशास्त्र में अष्ट भैरव का उल्लेख भी मिलता है-असितांग भैरव, रूद्र भैरव, चंद्र भैरव, क्रोध भैरव, उन्मत भैरव, कपाल भैरव, भीषण भैरव और संहार भैरव।

काल भैरव की जयंती हर साल मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। भगवान शिव को अपना सबसे उग्र स्वरूप महाकाल के रूप में क्यों धारण करना पड़ा। इस तिथि पर भगवान शिव के काल भैरव स्वरूप की उत्पत्ति हुई थी। काल भैरव तंत्र-मंत्र के देवता हैं, इसलिए निशिता मुहूर्त में उनकी पूजा की जाती है। भगवान शिव के अत्यंत उग्र स्वरूप काल भैरव की जयंती हर साल मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है।

### राह-वीरों को प्रोत्साहन स्वरूप दिए जाएंगे 25 हजार रुपए

**सीहोर।** सड़क दुर्घटना में घायलों के त्वरित उपचार के लिए सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम क्रियान्वित की गई है। इसके तहत पीड़ति ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ति एक लाख पचास हजार रुपए तक की रकम के नकदी रहित उपचार करा सकता है। गंभीर रूप से घायल पीड़ितों को गोल्डल आवर के अंदर अस्पताल तक में जाकर उनकी सहायता करने वाले राह-वीरों को प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार रुपए एवं सर्टिफिकेट दिया जा रहा है।

## जूडो के इंटरनेशनल खिलाड़ी कपिल परमार ने किया अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय स्तर पर शहर का नाम रोशन, कजाकिस्तान में हासिल किए दो मैडल



**सीहोर।** जूडो के इंटरनेशनल खिलाड़ी कपिल परमार ने शहर का नाम देश में रोशन किया है, पहले उन्होंने 2024 पैरालिंपिक में कांस्य पदक जीता और जूडो में भारत का पहला पदक जीतकर इतिहास रच दिया था, एक बार फिर से पैरा एशियन जूडो चैम्पियनशिप में कजाकिस्तान में जूडो के शानदार खिलाड़ी ने सिल्वर के साथ ब्राउंस मेडल हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि पर खेल संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी है। दो दिन पश्चात नगर में लौटने पर संस्कार मंच के तत्वाधान में उनका स्वागत किया। इस संबंध में चर्चा करते हुए कपिल परमार ने बताया कि तीन दिवसीय पैरा एशियन जूडो चैम्पियनशिप में कजाकिस्तान में वह फाइनल में दूसरे नंबर पर रहे। उन्होंने जापान में 2026 में एशियन गेम्स के लिए अपना स्थान हासिल किया। 70 किलोग्राम इस प्रतियोगिता में उन्होंने जापान, इराक और कोरिया आदि के खिलाड़ियों को शिकस्त देते हुए मेडल हासिल किया। कपिल परमार का जीवन आसान नहीं था। वे सीहोर के एक साधारण परिवार से आते हैं। उनके पिता टैक्सी ड्राइवर और मां गांव के जमींदारों के खेतों में काम करती थीं। परिवार के सीमित साधनों के बावजूद कपिल ने कभी हार नहीं मानी। अपनी डाइट और जूडो की प्रैक्टिस के लिए पैसे जुटाने के लिए कपिल खुद भी खेतों में काम करते थे। वे प्रतिदिन 8-10 घंटे खेतों में मेहनत करने के बाद घर लौटकर जूडो की प्रैक्टिस करते थे। उनका जीवन और अधिक चुनौतीपूर्ण तब हो गया जब कक्षा आठवीं में उनकी आंखों की रोशनी कम होने लगी। वर्तमान में उनकी दृष्टि 80 प्रतिशत तक बाधित है, लेकिन इस कमी ने उनके हौसले को कभी कमजोर नहीं होने दिया।

## राहुल गांधी की आत्मीयता और अपनापन पाकर गौरवान्वित हूं: राजीव गुजराती




**सीहोर।** सीहोर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने सपरिवार पचमढ़ी पहुंचकर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। इस मौके पर उनके साथ उनकी धर्मपत्नि रेणु गुजराती पुत्र काशवी गुजराती भी मौजूद रहे। इस अवसर पर राजीव गुजराती ने सपरिवार गांधी को आशीर्वाद दाता भगवान सीहोर के चिंतामन गणेश जी का चित्र भेट कर उनका सम्मान किया। साथ ही महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और सीहोर आगमन का निमंत्रण दिया।

गुजराती ने बताया कि पचमढ़ी में आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में संगठन सृजन कार्यक्रम में अन्तर्गत जिस तरह प्रदेश के हम सभी जिलाध्यक्षों को राहुल गांधी के द्वारा सम्बोधित करते हुए जो मार्गदर्शन दिया कि राजनीति में शारीरिक मानसिक मजबूती जरूरी है। आप संगठन के लिए काम करिए और 2028 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाना ही हम सबका मिशन है। उन्होंने कहा कि आपको किसी से डरने या दबने की जरूरत नहीं। आपको चुनाव लडना है या जो भी काम है तो उसकी चिंता हम करेंगे। हम आपके काम का आकलन करेंगे। संगठन की सबसे छोटी इकाई तक कांग्रेस को मजबूती देना ही प्रशिक्षण का लक्ष्य है। राहुल गांधी के मध्य प्रदेश के पचमढ़ी आगमन पर गुजराती ने कहा कि मध्यप्रदेश को गर्व है कि हमारे बीच आज ऐसा नेतृत्व उपस्थित है जो देश में सच्चाई, संवेदना और न्याय की राजनीति को मजबूत कर रहे हैं।

### शिविर में 40 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 1400 मरीजों का उपचार किया गया

# नर सेवा ही नारायण सेवा संकल्प के साथ आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे शिविर: डॉ.गगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



गगन जन सेवा समिति के तत्वाधान में रविवार को विशाल निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर एवं जांच प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 1400 मरीज का उपचार किया गया और सो मरीजों को आंखों के चश्मे वितरित किए गए। वहीं 35 मरीज को कान की सुनने वाली मशीन वितरित की गई एवं 70 मरिजों की सोनोग्राफी निःशुल्क कराई गई और 70 मरिजों के एक्सरे निःशुल्क किए गए। साथ ही निःशुल्क दवाई वितरण का कार्य गगन जन सेवा समिति एवं रेड क्रॉस के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने की। विशेष अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाज सेविका श्रीमती अरुणा राय, राजकुमार गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरव सन्नी महाजन, सीताराम यादव, राजकुमार गुप्ता उपस्थित थे। इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेविका श्रीमती अरुणा राय, राजकुमार गुप्ता, सुरेश गुप्ता द्वारा सभी डॉक्टरों का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

गगन जन सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. गगन नामदेव ने बताया कि शिविर में 1400 मरीजों का उपचार किया गया। शिविर में मौजूद हर बीमारी के लगभग 40 विशेषज्ञ डॉक्टर उपस्थित रहे।

जिन्होंने अपनी सेवाएं इस शिविर में प्रदान की और जनहित में आगे भी ऐसे शिवरों का आयोजन समिति के द्वारा करते रहेंगे ऐसा विश्वास दिलाया। शिविर में समिति के विशेष वरिष्ठ डॉक्टर भी उपस्थित रहे। जिनमें प्रमुख रूप से डॉ. कैलाश अग्रवाल, डॉ. ए.ए. कुरेशी, डॉ.गिरीश जोशी, डॉ.भरत आर्य, आईएमए के प्रेसिडेंट साथ ही सीहोर व भोपाल के प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

सीहोर के डॉ. अमित मोदी, डॉ. विवेक सक्सैना, डॉ.गौरव ताम्रकार, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ.आशुतोष दीक्षित, डॉ. प्रिया जोगिया, डॉ. राशि मोदी, डॉ. श्रेष्ठा सक्सैना, डॉ. मेघा गोयल मित्तल, डॉ.भारती गुप्ता, डॉ. पूजा ठाकुर, डॉ. रेशमा राय, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. महेश शर्मा, होम्योपैथिक डॉ.मनोज सक्सेना, डॉ. जय नारायण वर्मा, आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. मुरली महेश्वरी, डॉ. एल.एन. नामदेव वरिष्ठ नाक गला रोग विशेषज्ञ, डॉ. अवनी पांडे ओरल डेंटल सर्जन, डॉ.आरके गुप्ता वरिष्ठ अस्ति जो रोग विशेषज्ञ, डॉ. सचिन सिमरिया, डॉ. आशुतोष दरबारी वरिष्ठ कैंसर सर्जन, डॉ. नितिन गुप्ता यूरोलॉजी ईस्ट, डॉ. राकेश खरे, डॉ. विवेक सक्सैना, डॉ.भविष्य राठौर, डॉ. समीर गुप्ता, डॉ. हरिओम गुप्ता, डॉ. मंगनी आई स्पेशलिस्ट जिन्होंने अपनी गोविंद नेत्रालय की पूरी टीम को लाकर आंखों का सभी चेकअप करवाया और सभी को चश्मे के नंबर दिए। साथ ही डॉ. प्रियंका सोनी डॉ. दिक्षा मिश्रा, डॉ. शुभम नामदेव एवं गगन जन सेवा समिति के पूरी टीम उपस्थिति रही। शिविर के अंत में गगन जन सेवा समिति के डॉ.गनन नामदेव ने जनप्रतिनिधियों, डॉक्टरों व स्वास्थ्य लाभ लेने आये नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और इसी संकल्प के साथ आगे भी इसी तरह के शिविर अयोजित किए जाते रहेंगे।

## भोपाल ने राजगढ़ को 111 रन के विशाल अंतर से हराया



**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को राजगढ़ और भोपाल के मध्य मैच खेला गया। इस मैच में भोपाल ए टीम ने राजगढ़ को 111 रन के विशाल अंतर से हराया। इस मैच में भोपाल की ओर से दीर्घ श्रीवास्तव ने 53 रन की पारी खेली। मैच के अंत में एमपीसीए के पर्यवेक्षक पुनित चतुर्वेदी, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, वीरु वर्मा आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि रविवार को पहले बल्लेबाजी करते हुए भोपाल ए ने निर्धारित 40 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 158 रन बनाए थे।

इसमें दीर्घ श्रीवास्तव ने 53 रन और धैर्य तिवारी ने 36 रन की पारी खेली। वहीं राजगढ़ की ओर से गेंदबाजी करते हुए मुस्ताफ ने एक विकेट हासिल किया। इधर लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजगढ की पूरी टीम 22 ओवर में 47 रन पर ढेर हो गई। भोपाल ए की ओर से वैध पाठक-देव कन्नोजिया ने चार-चार विकेट हासिल किए।

### रोजाना गिर रहा जिले का न्यूनतम तापमान, 7 डिग्री दर्ज किया पारा

# नवंबर में पड़ रही हाड़ कंपाने वाली सर्दी, जलने लगे अलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



प्रदेश के मध्य क्षेत्र सहित राजगढ़ जिले में बर्फीली हवाओं का असर लगातार बढ़ता नजर आ रहा है। आलम यह है कि नवंबर की शुरूआत में ही जिले का न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री तक लुढ़क चुका है वहीं रात के साथ-साथ दिन में भी शीत लहर चल रही है। बीते चार दिनों से सीवियर कोल्ड जैसे हालातों के चलते गर्म कपड़े पहनकर ही घर से निकल रहे हैं।

इसके साथ ही लोगों ने विभिन्न चैक-चैराहों पर अलाव जलाना भी शुरू कर दिया है। लगातार गिर रहे तापमान का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 5 नवंबर को जिले का न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री दर्ज किया था वो लगातार लुढ़कते हुए 7 डिग्री नीचे आ चुका है।

#### ठंड से बचाव के लिए इन बातों का रखे विशेष ध्यान

लगातार चल रही शीतलहर एवं ठंड को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी सलाह दी है कि इस मौसम में अनावश्यक यात्राओं से बचा जाए। इसके साथ ही जितना संभव हो सके घरों में ही रहें एवं बाहर निकलने पर पर्याप्त ऊनी कपड़े पहनें। चिकित्सकों ने विटामिन सी से युक्त फल एवं सब्जियों का सेवन करने की सलाह भी दी है ताकि शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती रहे।

#### बीते 5 दिनों में जिले का न्यूनतम तापमान

| दिनांक | तापमान |
|---|---|
| 09 नवंबर | 7.0 |
| 08 नवंबर | 7.4 |
| 07 नवंबर | 9.6 |
| 06 नवंबर | 11.0 |
| 05 नवंबर | 16.2 |

## घरेलू गैस उपभोक्ताओं को ही केवाईसी करवाना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तलेन

पेट्रोलियम मंत्रालय और तेल कंपनियों की ओर से मिले निर्देशानुसार माहेश्वरी इंडियन गैस एजेंसी तलेन की ओर से घरेलू उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी बायोमैट्रिक सत्यापन कराना अनिवार्य किया गया है। पर अभी तक अधिकांश उपभोक्ताओं ने ई-केवाईसी सत्यापन नहीं कराया। सभी वितरकों को जल्द से जल्द उपभोक्ताओं के ई-केवाईसी पूरा करने के निर्देश दिए हैं। ई केवाईसी नहीं होने के कारण आपका गैस कनेक्शन बंद कर दिया जाएगा। ई-केवाईसी की प्रक्रिया करीब 8 महीने से चल रही है।गैस एजेंसियां उपभोक्ताओं से ई-केवाईसी कराने की गुजारिश कर रही हैं। साथ ही मोबाइल पर ई-केवाईसी कराने के मैसेज भी भेजे जा रहे हैं। इसके बावजूद उपभोक्ता इसमें रुचि नहीं ले रहे हैं। केवाईसी कराने के लिए उपभोक्ताओं को माहेश्वरी इंडेन गैस तलेन पर अपना आधार कार्ड , गैस की डायरी और मोबाइल लेकर जाना होगा। वहां बायोमैट्रिक के जरिए ई-केवाईसी हो जाएगी।घरेलू गैस सिलेंडर (एलपीजी) के उपभोक्ताओं के लिए ई-केवायसी करवाना अनिवार्य कर दिया है।इसके बाद भी उपभोक्ता इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके चलते पेट्रोलियम कंपनियां सख्ती बरतने की तैयारी कर रही है। जो उपभोक्ता ई-केवायसी नहीं करवा रहे हैं। उन्हें सिलेंडर मिलना मुश्किल हो जाएगा। वे अपने सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग नहीं करा पाएंगे।

### जिला स्तरीय नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेन्स समिति की बैठक में दिए जरूरी निर्देश

## मेडिकलों पर प्रतिबंधित ड्रग मिले तो तत्काल लाइसेंस रद्द करें: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेश समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी भी उपस्थित रहे। बैठक में निर्देशित किया गया कि मादक पदार्थों की सूचना का आदान-प्रदान करना अफीम, भांग, गांजे की तस्करी पर सतत नजर बनाए रखे। उन्होंने कहा कि स्कूल, कॉलेज सहित अन्य शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास नशे से जुड़ी सामग्री का विक्रय न हो। कलेक्टर ने कहा कि ड्रग इंस्पेक्टर नियमित रूप से लगातार जिले के मेडीकल स्टोर्स का सतत निरीक्षण करें। सभी मेडीकल स्टोर्स पर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य किए जाएं एवं थाने की टीम के साथ मेडीकल स्टोर्स पर प्रतिबंधित दवाइयां की जांच की जाए। अगर मेडीकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवाइयां मिल रही है तो संबंधित स्टोर का लायसेंस तत्काल निलंबित कर वैधानिक कार्यवाही की जाए।

#### *पुलिस अधीक्षक ने भी दिए अहम निर्देश*

*बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने निर्देशित किया कि अस्पताल में जो भी स्नेचिंग आते हैं, उनकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि सभी थाना प्रभारी अवैध शराब पर प्रभावी कार्रवाई करें। इसके साथ ही उन्होंने मेडले पार्क व अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण के प्रकरणों पर भी वन-टू-वन चर्चा की गई। इस अवसर पर बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) व समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे।*

## चाकू से हमला करने वाले 1 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को प्रयागराज से गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन में फरार अपराधियों कि धर पकड़ के चलते हुए विषेश अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के एल बाजरे एवं एसडीओपी डी. वी. एस. नागर ,थाना प्रभारी रवि ठाकुर के मार्गदर्शन में अभियान चलाया गया जिसमें बड़ी सफलता मिली पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार घटना दिनाक 9 दिसंबर 024 की घटना पोलाखेडा निवासी हरिओम सौध्या ट्रैक्टर की किस्त कलेक्शन हेतु सिरपोई कॉलोनी से जा रहे थे तब दिनेश दांगी एवं दो अन्य साथियों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया था। प्राथमिक उपचार के दौरान हरि ओम सौध्या की मृत्यु हो गई थी।

मृतक की मृत्यु एवं विवेचना के आधार पर प्रकरण में धारा 103, 311, 409(4)309(6), 126 118(1), 209 ठछै 25¹27 आर्मस्केए एक्ट एवं मोटर वाहन अधिनियम की धारा जोड़ी गई आरोपी दिनेश दांगी एवं रामदयाल वर्मा को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जा चुका था जबकि सुनील दांगी फरार चल रहा था। पुलिस ने एक वर्ष से फरार चल रहे आरोपी सुनिल दांगी को प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ गंभीर अपराध का प्रकरण दर्ज था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया एवं पुलिस कस्टडी मे लाऐ एवं न्यायालय में पेश किया। पुलिस द्वारा टीम गठित कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिसमें विशेष योगदान थाना प्रभारी निरीक्षक रवि ठाकुर उप निरीक्षक संतोष सिंह जितेंद्र अजनारे शशांक यादव अनिल राहुरिया राहुल रघुवंशी आरक्षक विष्णु जाट रवि जाट शादाब खान शशांक यादव का विशेष योगदान रहा।

### स्पीड का कहर, इंदौर से जा रही थी मथुरा घायलों का 112 ने पहुंचाया अस्पताल

## कार ने खाईं पल्टियां, एक की मौत, 3 गंभीर घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

नेशनल हाइवे नं 52 पर हाई स्पीड कार ने कई बार पल्टियां खाई जिसमें कार में बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई और बांकी लोग गंभीर घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शनिवार रात 12 बजे के आसपास की है जब भोपाल बायपास चैराहे पर स्थित ओवर ब्रिज के नीचे इंदौर से मथुरा जा रही कार बेकाबू होमर पलट गई। जिसमें एक की मौत हो गई और बांकी लोग गंभीर घायल हो गए।

## विधिक सेवा समिति ने जागरुकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर



नगर में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह 2025के अन्तर्गत विधिक जागरूकता रैली निकाली गई। न्यायालय परिसर से तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष न्यायाधीश विनोद कुमार अहिरवार के नेतृत्व में रैली निकाली जो खिलचीपुर नाका , स्वामी विवेकानंद चैराहा ,इंदर चैराहा होते हुए आवास कॉलोनी स्टेडियम परिसर पहुंची जहां पर विधिक सेवा के उद्देश्य एवं न्याय क्षेत्र की जानकारी दी।

इस दौरान बाल विवाह रोकने एवं बाल विवाह के दुष्परिणाम बतायें रैली में अधिकारी कर्मचारी बाल विवाह नहीं करने, यातायात के नियमों का पालन करने, आदि प्रकार कि हाथ में तख्तियां लेकर चल रहे थे।

रैली में प्रमुख रूप से तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष न्यायाधीश विनोद कुमार अहिरवार, न्यायधीश भूपेन्द्र कुशवाहा, तहसीलदार आरपी सिंह गौड, सीएमओ हरीओम शर्मा, थाना प्रभारी रवि ठाकुर,लेखापाल देवनारायण दांगी, कमल भावसार, राहुल दांगी, राजेंद्र भाटी, उत्कृष्ट स्कूल प्राचार्य विनोद कुमार चौधरी, जगदीश चौहान पटवारी, बीएस पवांर, कालुसिंह चौहान, धर्मेन्द्र लव तिवारी, नायब नाजीर बृजमोहन भाटी, चंदरसिंह भाटी, गजराज खींची, शोभना व्यास , सब इंस्पेक्टर संतोष सिंह, हेड कांस्टेबल ममता दांगी, प्रधान आरक्षक देवीसिंह दांगी पुलिस विभाग, नगर परिषद के कर्मचारी शामिल हुए।

### डीईओ की गठित समिति करेगी विभिन्न पहलुओं की जांच

## छात्र को परीक्षा से वंचित रखने के मामले में जांच टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़




विगत दिनों ब्यावरा स्थित सीएम राईज स्कूल में कक्षा 11वीं में अध्ययनरत एक छात्र को शाला प्राचार्य सज्जन सिंह यादव ने राजनीति विज्ञान विषय की परीक्षा देने से वंचित रख दिया था। संबंधित छात्र के साथ बरती गई इस लापरवाही के बाद जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पदाधिकारी जब प्राचार्य से बात करने पहुंचे तो उनके साथ भी प्राचार्य ने अभद्र व्यवहार किया था। प्राचार्य द्वारा बरती गई इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के निर्देशन में जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने पूरे मामले की सूक्ष्मता से जांच के लिए 03 सदस्यीय जांच दल का गठन किया है। गठित दल में शामिल ब्लॉक शिक्षाधिकारी ब्यावरा, बीआरसी ब्यावरा एवं कन्या स्कूल प्राचार्य विद्यालय का भ्रमण कर छात्र, विद्यालय स्टाफ एवं अन्य संबंधित पक्षों के कथन लेकर एवं आवश्यक जानकारी प्राप्त कर अपना जांच प्रतिवेदन डीईओ को प्रस्तुत करेंगे। पूरे मामले को लेकर वायरल हुए वीडिया में दृष्टिगत सभी पक्षों को जांच में सहयोग करने एवं कथन प्रस्तुत करने के निर्देश डीईओ ने प्रदान किए हैं। जांच प्रतिवेदन के अनुसार संबंधितों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

### बात करने पहुंचे अभाविप कार्यकर्ताओं से की अभद्रता

## 11वीं के छात्र रवि को परीक्षा से वंचित रखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा



शहर के सीएम राइज स्कूल में 11वीं कक्षा के विद्यार्थी को राजनीति विज्ञान विषय की परिक्षा से वंचित रखा अगले दिन परीक्षा देने से रोका गया, बात करने पहुंचे एबीवीपी कार्यकर्ताओ से कहा ये हमारी व्यवस्था है मुझे किसी से मतलब नहीं जिससे शिकायत करनी कर दो।

अभाविप कार्यकर्ताओं को सीएम राइज स्कूल प्राचार्य सज्जनसिंह यादव ने मंत्री इंदरसिंह परमार का नाम लेकर धमकियां दी कहा इंदरसिंह परमार के साथ काम किया है जिससे शिकायत करना है करिए ये हमारी व्यवस्था है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की शासन से मांग है सोमवार तक प्राचार्य पर कार्यवाही नही की तो करेंगे विरोध प्रदर्शन। वहीं जब प्राचार्य एसएस यादव से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने अधिकारी का फोन आने की बात कहकर फोन काट दिया।

## पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी के रुपए किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर




नगर पुलिस द्वारा क्षेत्र वा नगर में चोरी की घटनाओं पर रोकथाम के लिये चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत टी आई पूजा परिहार वा उनकी टीम ने चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार किया । 28 अक्टूबर को फरियादी सीताराम दांगी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई जिसमे 27 अक्टूबर को बैंक ऑफ इंडिया शाखा जीरापुर से 20 हजार रुपये निकाल कर अपने गांव रामगढ़ पहुंचा जहां पर करीब 4 बजे गांव में स्थित मोहन गुप्ता की दुकान पर रुका अपनी थैली जिसमे 20 हजार रूपये नगद पास बुक वा चेकबुक रखी थी दुकान के बाहर बाल्टी पर रख दी कुछ देर बाद देखा, तो थैली वह नहीं थी अज्ञात व्यक्ति ले उड़ा था फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचन शुरू की जिसमें सीसीटीवी फुटेज, सीडीआर विश्लेषण एवं आस पास के लोगों से पूछताछ की गई । लगातार प्रयास वा मुखबिर की सूचना के आधार पर 8 नवंबर को टी आई पूजा परिहार नेतृत्व में जैकी सिंह पिता नंदनसिंह उम्र 23 वर्ष ग्राम गुलखेड़ी थाना बोडा को गिरफ्तार कर लिया और आरोपी से कुल मशरूका 13400 राशि बरामद कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है । उक्त कार्यवाही में सहा. उप निरीक्षक समीर खान , प्रा. आरक्षक प्रदीप सोलंकी, आरक्षक पप्पू दांगी, वा रविन्द्र जाट की सराहनीय भूमिका रही ।

## माखन लाल वर्मा बने अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर



अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज के अध्यक्ष लीलाधर देतलिया द्वारा राजगढ़ जिले के माखनलाल वर्मा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया है उनकी नियुक्ति पर राजगढ़ जिला के समस्त सामाजिक बंधुओ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के कुशल नेतृत्व को बहुत-बहुत बधाई दी एवं माखनलाल वर्मा सर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी। माखनलाल वर्मा सर विगत दो कार्यकाल से खाती समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त है। श्रीवर्मा प्रत्येक क्षेत्र में काम कर रहे हैं श्रीवर्मा की खाती समाज में लोकप्रियता बहुत ही प्रेरणादाई है वर्मा जी 24 घंटे उपलब्ध रहते हैं इस अवसर पर अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती सामान के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश राज जिला अध्यक्ष अरविंद पटेल बाला प्रसाद चंद्रवंशी जगदीश वर्मा रमेश वर्मा सीताराम मात्सब कैलाश दूध वाले कैलाश चंद्रवंशी रामबाबू अरविंद चंद्रवंशी जिला अध्यक्ष पूर्व जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल मंडलोई, कैलाश सागवालिया पूर्व उपाध्यक्ष कैलाश वकील अध्यक्ष कुरावर राधेश्याम संगवालिया रामसहाय जामलिया राजेश पटेल मोहन डाला महेंद्र चंद्रवंशी मुकेश चंद्रवंशी रमेश सरपंच रोहित आदि समाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कृत्रिम गर्भाधान के लिए नवीन तकनीकें बताईं

## पशुपालन विभाग का रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



राष्ट्रीय गोकुल मिशन अंतर्गत प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा एवं उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला राजगढ़ के निर्देशन में रविवार को पशुपालन विभाग सारंगपुर द्वारा श्री कपिलेश्वर गोशाला, सारंगपुर में कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ताओं, गौसेवकों एवं मैत्री कार्यकर्ताओं के लिए 5 दिवसीय कृत्रिम गर्भाधान रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ । इस प्रशिक्षण में सारंगपुर क्षेत्र के 18 मैत्री गौसेवक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

विशेषज्ञों डॉ अमित शाक्य पशु चिकित्सा अधिकारी विकासखंड सारंगपुर द्वारा प्रतिभागियों को कृत्रिम गर्भाधान की प्रक्रिया, पशुओं की नस्ल सुधार, पोषण प्रबंधन, रोग नियंत्रण एवं आधुनिक तकनीकी विधियों की जानकारी प्रदान कर प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रेम किशोर खींची सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी भी शामिल रहे। इस दौरान डॉ अमित शाक्या एवं विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण से ग्रामीण स्तर पर पशुधन विकास, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि एवं किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे। गौरतलब है कि पशुपालन विभाग द्वारा समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिससे ग्रामीण युवाओं को स्वावलंबी बनने का अवसर मिल सके। इस दौरान महंत पवनदास महाराज कपिलेश्वर गोशाला, ओमप्रकाश राठी, एडवोकेट पीएस मंडलोई कपिलेश्वर गोशाला के सहयोग से उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## सरस्वती विद्या मंदिर में हुआ आचार्य सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर




सरस्वती विद्या मंदिर में शुक्रवार को शिशु मंदिर के तीन आचार्यों नागेश जोशी, प्रकाश तिवारी एवं प्रमोद शर्मा के सेवानिवृत्ति अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती भावना वर्मा रहीं।समारोह में प्रांतीय सदस्य ओमप्रकाश राठी, विभाग समन्वयक गुरुचरण गौड़, अध्यक्ष ओमप्रकाश राठौर एडवोकेट एवं सचिव अशोक साहू सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके पश्चात प्राचार्य चैनसिंह बन्नासिया ने अतिथियों का परिचय कराया।इस दौरान मुख्य अतिथि भावना वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि "सेवानिवृत्ति जीवन का वह पड़ाव है जब शब्दों से अधिक भावनाएँ मुखर होती हैं। शिक्षक समाज के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं, वे कभी सेवानिवृत्त नहीं होते।"समारोह में तीनों आचार्यों को अतिथियों द्वारा शाल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित आचार्यों ने भी अपने दीर्घ शिक्षण अनुभवों एवं विद्यालय से जुड़े संस्मरणों को साझा किया।

इस अवसर पर आनंद व्यास, सुशील व्यास, गजेंद्र सिंह अमोदिया, मोनिका शर्मा, पूजा गहलोत सहित कई वक्ताओं ने अपने अनुभव व्यक्त किए। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अनिल बारकिया, उपाध्यक्ष ए. आर. पाटीदार, ओमप्रकाश विजयवर्गीय, दिलीप परमार, हुकुमचंद सोनी, जुगल किशोर दुबे, धर्मेंद्र वर्मा, शिवचरण पुष्पद, कैलाशचंद्र वर्मा सहित विद्यालय परिवार के सभी आचार्य-दीदी उपस्थित रहे। संचालन हरीश सोलंकी ने किया।

**खबर संक्षेप**

## जैन बने एसएफएस प्रमुख, बगाना को भाग संयोजक का दायित्व




**आष्टा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सीहोर द्वारा श्यामपुर में 8 और 9 नवंबर को दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया। वर्ग में जिलेभर से 100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया और समापन दिवस पर जिले की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें आष्टा जावर के सुमित बगाना को भाग संयोजक एवं दीपक जैन को सीहोर जिला SFS प्रमुख नियुक्त किया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने नव नियुक्त कार्यकर्ताओं को बधाई दी, संगठन के उद्देश्यों को पूरे समर्पण से आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

## भोपाल ए ने भोपाल बी को 59 रन से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में बीडीसीए और जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से खेली जा रही जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत सोमवार को भोपाल ए और भोपाल बी के मध्य मैच खेला गया। इस मैच में भोपाल ए ने भोपाल बी को 59 रन से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में भोपाल ए के विस्फोटक बल्लेबाज प्रकाश ने 78 रन और आर्यवीर ने 51 रन बनाए थे।

### सकल समाज के बैनर तले एसडीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# नवरात्रि में मंदिर पर मछली फेंकने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की उठाई मांग

### आक्रोशित हिंदू समाज उतरा सड़क पर, बीते दिनों मंदिर पर हुई घटना से है नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



29 सितंबर नवरात्रि के पवित्र त्यौहार पर शहर के खेड़ापति तालाब स्थित खोकर माता मंदिर में मछली फेक कर हिन्दू समाज की आस्था को ठेस पहुंचा कर शांत शहर की फिजा में जहर घोलने वाले असामाजिक तत्वो की एक माह बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने से सोमवार को आक्रोशित हिंदू समाज सड़कों पर उतर आया और पुलिस द्वारा घटना को एक महीने से ज्यादा हो जाने के बाद भी आरोपियो के खिलाफ कार्यवाही नही करने तथा इस घटना के लिप्त आरोपी को गिरफ्तार नही करने के विरोध में विभिन्न हिंदू समाज के संगठनो ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार आष्टा रामलाल पगारे को ज्ञापन सौपा। इस दौरान राधा कृष्ण मंदिर से तहसील कार्यकाल तक समाज जन नारेबाजी करते हुए नजर आए। वही तहसील कार्यकाल में ज्ञापन का वाचन सकल समाज के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व पार्षद नरेन्द्र कुशवाह ने किया। ज्ञापन के द्वारा प्रशासन को बताया गया कि गत नवरात्रि में हिंदू समाज के पवित्र नवरात्री पर्व के दौरान कमल खेडापति तालाब स्थित खोकर माता मंदिर में किसी असामाजिक तत्व ने मरी हुई मछलियॉ फेकी थी। इस घटना की सूचना पर पुलिस एवं प्रशासन मौके पर पहुंचा था। मामले की पूरी तहकीकात की परंतु आज तक हिंदू धर्मं के पवित्र नौरात्रि पर्व के दौरान इस प्रकार की घिनौनी हरकत करने वाले घटना में लिप्त व्यक्ति का पुलिस ने खुलासा नही किया ओर ना ही इस मामले में कोई गिरफ्तारी की हैं।

### सूचना तंत्र पर खड़े किए सवाल, साइबर सेल की मदद से करें खुलासा

इस दौरान जारी प्रेस नोट में कार्यकारी सकल समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने बताया की पुलिस का सूचना तंत्र मजबूत हैं पर इस मामले में क्यो अभी तक इस घटना करने वाले का खुलासा नही किया जा रहा हैं। ज्ञापन सौपने वालो ने इस मामले में संलिप्त व्यक्ति का नाम उजागर नही करने पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न उठाऐं। तहसीलदार आष्टा को कहा गया कि जब पूरे शहर में जगह जगह सीसीटीवी फुटेज लगे तथा साईबर तंत्र व पुलिस के मजबूत मुखबीर हैं तो क्यो पुलिस आरोपी का नाम उजागर नही कर रही हैं।

### कॉल डिटेल खोलेगी राज, जांच की तेज

शहर की शांति और सांप्रदायिक माहौल से जुड़े इस संवेदनशील मामले पर आष्टा पुलिस ने अपनी जांच की रफ्तार को तेज बड़ा दिया है और इस मछली कांड से जुड़ी कड़ियों से पूछताछ भी शुरू कर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है वही पुलिस के लिए इस पूरे संवेदनशील मामले से जुड़ी अहम कुड़ियों के मोबाइल की कॉल डिटेल , टॉवर लोकेशन सहित कई अहम रोल अदा करेगी।

### यह रहे मौजूद

ज्ञापन में शामिल सकल हिंदू समाज के अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, बजरंग दल के कालू सोनी, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, देवकरण मालवीय,पूर्व पार्षद बाबूलाल मालवीय, पूर्व पार्षद सुभाष नामदेव, पार्षद कमलेश जैन, सकल समाज के विभिन्न समाज के अध्यक्षगण बी.एस. वर्मा, राजू जयसवाल, पवन सुराणा, मुकेश नामदेव, मनीष डुंगरे, विजय खंडेलवाल, पवन वर्मा, देवकरण मालवीय पहलवान, रमेश भामा, मनीष धारवां, ओमप्रकाश पुरी, रमेश मालवीय, रवि कुशवाह, शिवनारायण मेवाडा, दिलीप मालवीय, मोंटू कोरी, जितेन्द्र राठौर, रामू पटवा, राहुल बरैठा, शिव पटवा, अमन बरैठा, राजेश मेवाडा, दिपांश विश्वकर्मा, संदीप मेवाडा, हिमांशु जाट, जय अजमेरा, रामू कुशवाह, हंसराज कुशवाह, नितिन महांकाल, सुनिल कचनेरिया, सौभाल सिंह, रोहित सेन, दीपक सोनी सहित सैकडो लोग मौजूद थे।

# स्टेडियम व खेल मैदान के लिए होगा आंदोलनः वैद्य

### मैदान के अभाव में खिलाड़ी हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नगर के युवाओं द्वारा लगातार यह मांग की जा रही है कि नगर में केवल दो खेल मैदान थे एक नगर परिषद जावर के पीछे जहां पर अब गार्डन का निर्माण हो रहा है एवं दूसरा ग्राउंड जावर थाने के पीछे था लेकिन वहां पर भी पर्याप्त जगह नहीं है ऐसी स्थिति में जावर की होनहार एवं प्रतिभावान युवा पीढ़ी चिंता में है कि आखिर खेल में रुचि रखने वाले युवा अब कहां पर जाएं।

क्योंकि वर्तमान में नगर में कहीं पर भी खेल ग्राउंड नहीं बचा है लगातार युवाओं के आग्रह पर पूर्व नपा अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जावर नगर में स्टेडियम और खेल मैदान का निर्माण नहीं किया गया तो हम युवाओं के साथ मिलकर एक बड़ा आंदोलन करेंगे पुर्व नपा अध्यक्ष शैलेश वैद्य ने कहा कि आज जावर नगर के युवा जिला ही नहीं प्रदेश और देश में नाम रोशन कर सकते हैं परंतु उन्हें सही अवसर प्रदान होगा तभी वह आगे बढ़ सकते हैं ऐसी स्थिति में यह हम सभी जिम्मेदार लोगों की जिम्मेदारी बनती है कि इस मांग को आगे बढ़कर एवं मिलकर सुलझाया जाए नगर में प्लेग्राउंड बनाना हम सब की जिम्मेदारी है पुर्व नपा अध्यक्ष शैलेश वैद्य ने कहा कि हम जल्द ही इस संबंध में युवाओं के साथ मिलकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करवाएंगे एवं जल्द ही इस संबंध में आंदोलन को लेकर रूपरेखा तैयार की जाएगी जिसकी तारीख जल्द ही मीडिया में भी डिक्लेअर की जाएगी हम आग्रह करना चाहते हैं क्षेत्रीय सांसद, विधायक और सभी जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से की युवाओं की इस मुख्य मांग पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए नगर के सभी युवा आंदोलन के लिए तैयार हो चुके हैं जल्द ही आंदोलन की तारीख बताई जाएगी।

## राजा ठाकुर बने करणी सेना संभाग के महासचिव



**जावर।** करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवन सिंह शेरपुर की अनुशंसा से राजा ठाकुर कुण्डिया नाथू सरपंच को भोपाल संभाग महासचिव करणी सेना के पद पर नियुक्त किया गया जीवन सिंह शेरपुर ने कहा सदैव सामाजिक कार्यो में अग्रणी भूमिका निभाने वाले कर्मठ निष्ठावान एवं उर्जावान साथी कुं राजा ठाकुर कुण्डिया नाथू को करणी सेना परिवार मध्यप्रदेश के भोपाल संभाग महासचिव के पद पर नियुक्त किए जाने पर बधाई दी ।

# अवंतीलाल विश्वकर्मा एल्युमिनियम व ग्लास एसोसिएशन के अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



एल्युमिनियम एवं ग्लास का व्यापार व्यवसाय करने वाले आष्टा के सभी व्यापारियों की एक अति महत्वपूर्ण बैठक आष्टा बायपास पर सम्पन्न हुई जिसमें नगर आष्टा में एल्युमिनियम एवं ग्लास एसोसिएशन का गठन हुआ जिसमें सर्वसम्मति से अंवतीलाल विश्वकर्मा को एसोसिऐशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया एवं साथ ही उपाध्यक्ष के पद पर अंकित मेवाड़ा को चुना गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अन्य सदस्य प्रदीप कचनारिया, फिरोज खान, पंकज विश्वकर्मा, अंकित दामणिया, त्रिलोक विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, सतीश विश्वकर्मा, वासिद खान, संतोष मेवाड़ा, रामसिंह बागवान, रितेश प्रजापति, बाबा एल्युमिनियम, जितेंद्र विश्वकर्मा, गोविंद मेवाड़ा, हरिओम ग्लास, शावेज भाई, संतोष पांचाल, राहुल विश्वकर्मा, मनीष विश्वकर्मा, अजीम भाई, लखन सिंह, महाकाल एल्युमिनियम, शाहरुख खान, आरिफ खान, जीवेश कुशवाह, मोहित किरार मौजूद रहे। अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर अवंतीलाल विश्वकर्मा को विश्वकर्मा समाज समिति आष्टा द्वारा, आष्टा के वरिष्ठजनो द्वारा एवं एसोसिएशन के सभी सदस्यगणो ने अपनी शुभकामनाये प्रेषित की।

# दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने किया सत्संग और भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा श्यामपुर स्थित आश्रम में रविवार को आयोजित मासिक सतसंग भजन साधना व भंडारा कार्यक्रम के अवसर पर स्वामी महादेवानंद ने संगत के समक्ष विचार व्यक्त किए। बताया कि भारतवर्ष पर्वों का देश है। हाल ही में मनाये गए भारतीय पर्वों में जैसे छठ पूजा, देवउठनी एकादशी, तुलसी विवाह व गुरू पर्व श्रीगुरू नानक जयंती हो अथवा नवरात्रि, विजयदशमी दीपावली व कार्तिक पूर्णिमा का देव दिवाली पर्व। आशुतोष महाराज के अनुसार पर्व कोई भी हो, उनमें अज्ञानता के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा निहित है। इन सभी पर्वों को मनाने में निहित भाव यही है कि कैसी भी घोर अमावश्या क्यों न हो, जीवन की दुःखभरी कालरात्रि में ईश्वर का पदार्पण हो जाता है, तो हर अशुभ घड़ी शुभ में परिवर्तित हो जाती है। स्थानीय आश्रम शाखा श्यामपुर द्वारा ग्राम माना, बिलहरी, बैरागढ़ खुमान, रायपुर, बमूलिया एवं श्यामपुर नगर में माँ भगवती व भारत माता की महिमा पर आधारित आध्यात्मिक जागरण के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

संस्थान के लिए यह गौरव का विषय है कि उत्तरप्रदेश सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के आमंत्रण पर अयोध्या दीपोत्सवआयोजन में संस्थान के सैम वर्कशॉप्स अर्थात एक सशक्त युवा जाग्रति अभियान द्वारा अवध सजाओ आज हमारे रघुवर आये हैं..राम राज्य पर सुंदर संगीत नृत्यमय प्रस्तुति दी गई। इस अनुपम अवसर पर जनमानस को देश की युवा शक्ति की आध्यात्मिक ऊर्जा, सांस्कृतिक चेतना और भक्तिभाव की झलक सैम वर्कशॉप्स की अनूठी प्रस्तुति देखने को मिली। साधना एवं आरती के उपरांत सभी श्रद्धालु भक्तजनों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम में सहयोग हेतु सहयोगी बन्धुओं का स्वामी जी ने हृदय से धन्यवाद किया।

# वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिका के सभाकक्ष में किया गया सामूहिक गायन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



देश सहित संपूर्ण प्रदेश में राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न आयोजन किए जा रहे है। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 7 नवंबर 2025 को वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले समारोहों का उद्घाटन किया था। इसी कड़ी में नगरपालिका सभाकक्ष में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की उपस्थिति में राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम का सामूहिक गायन किया गया।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि भारत का राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम', जिसे बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने रचा था, ऐसा माना जाता है कि यह 7 नवंबर, 1875 को अक्षय नवमी के दिन यह लिखा गया था। श्री मेवाड़ा ने बताया कि रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा इसे संगीतबद्ध किया गया, जिसके बाद यह भारत की सांस्कृतिक और राजनीतिक पहचान का एक शक्तिशाली प्रतीक बन गया जो एकता, त्याग एवं भक्ति की भावना को अभिव्यक्त करता है। हमारे राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम के गायन का प्रताप इतना था कि इसके गायन मात्र से ही गाने वाले और श्रवण करने वाले में अद्भुत जोश का प्रसार होता है, यही परिणाम रहा कि अंग्रेजों के जुर्म को दूर करने में इस गीत ने युवाओं में जोश का प्रसार हुआ और अंग्रेजों को खेदेड़कर भारत से भगाया और भारत को स्वतंत्र कराया। इस अवसर पर पार्षद रवि शर्मा, सहायक यंत्री आकाश गुयतर, उपयंत्री पीके साहू, अनिल धुर्वे, मनोहर जावरिया, यश कौशल, अनिरूद्ध नागर, मनीष श्रीवास्तव, आदित्य तलनीकर, गबू सोनी, नारायण सोलंकी, महेन्द्र पोसवाल, मोहम्मद इसरार, संजय शर्मा, आकाश चैहान, कृष्णमोहन जोशी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारीगण मौजूद थे।

# सभी नगरवासी वोटर आईडी वेरिफिकेशन कार्य आवश्यक रूप से कराएंः रायसिंह मेवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रदेश सरकार ने एसआईआर मतलब वोटर आईडी वेरिफिकेशन कार्य संपूर्ण प्रदेश में प्रारंभ किया है। उसी के तहत स्थानीय स्तर पर नगरीय निकाय कर्मचारी एवं आंगनबाड़ी के कर्मचारियों द्वारा वार्ड में घूमकर घर-घर जाकर यह कार्य कर रहे है।

वार्ड क्रमांक 13 हाथीखाना में एसआईआर के तहत शिविर का आयोजन नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने शिविर के माध्यम से सभी नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वोटर आईडी वेरिफिकेशन कार्य के लिए नगर के सभी वार्डो के लिए बीएलओ व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की टीम गठित की गई है जो आपके घर तक दस्तक देकर आपकी पूरी मदद करेंगे। प्रशासन द्वारा गठित टीम का सहयोग करते हुए उनके कहे अनुसार जानकारी उपलब्ध कराना आवश्यक है, अन्यथा आपका नाम वोटर लिस्ट से कट जाएगा और आप मतदान करने से वंचित रह सकते है। ऐसी स्थिति में इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए संपूर्ण जानकारी सही भरकर टीम का सहयोग करें। श्री मेवाड़ा ने यह भी कहा कि इस कार्य की तिथि निश्चित है, तिथि बढ़ने का इंतजार नही करें। शिविर के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ सिटी मिशन मैनेजर महेन्द्र पोसवाल, सुमित मेहता, आकाश सुराना सहित रहवासीगण मौजूद थे।

### सिद्धि गंज में हुआ पत्रकार और वरिष्ठजन मिलन के साथ सम्मान समारोह

# पत्रकारों के संघर्ष व अन्य विषयों पर चर्चा कर किया सभी का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज




कृषि उपज मंड में रविवार को पत्रकार सम्मान मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रीय पत्रकार मौजूद रहे। सभी वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा मां सरस्वती जी के प्रतिमा पर दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सीहोर सहित आष्टा, जावर, कोठरी, मेहतवाड़ा, खाचरोद, सहित ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकार साथी सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया, प्रदीप एस चौहान, अखिलेश गुप्ता, प्रकाश मालवीय, पवन विश्वकर्मा आष्टा से जहूर मंसूरी, अबरार अली, किरण दीदी, कमल पांचाल, श्रीमल मेवाड़ा, इसरार भाई, संतोष गुणवान, आस्था, जावर तहसील के पत्रकार साथी सिद्धिगंज पहुंचे।

कार्यक्रम में आष्टा से जनपद प्रतिनिधि दीक्षा सोनू गुणवान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, सिद्धि गंज मंडल अध्यक्ष राकेश सिसोदिया बंजारा, मानसिंह इलाही, सरपंच महेंद्र सिंह काजले, जनपद सदस्य महेंद्र सिंह ठाकुर, नारायण सिंह पटेल, पत्रकार मोहन मालवीय, नागेंद्र ठाकुर, अनीश भाई, राज बोराणा, संतोष गोयल, संदीप छाजेड़, संजय सोलंकी ,जितेंद्र राठौर, दिनेश सोलंकी, रायसिंह मालवीय,विक्रम ठाकुर, जितेंद्र सोलंकी, कृष्णा पटेल, धर्मेंद्र सिंगाजी, साहित कई वरिष्ठ पत्रकार कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथियों के द्वारा पत्रकारों के संघर्ष व अन्य विषयों पर चर्चा की। इस दौरान रघुवर दयाल गोहिया ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में पत्रकारिता बहुत चुनौतियों वाला क्षेत्र है, पत्रकार न केवल खबर आम जन तक पहुंचाता है बल्कि अपनी खबर के माध्यम से लोगों में जागरूकता भी लाता है। इसमें सबसे अहम भूमिका ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों की होती है। असल में ग्रामीण पत्रकारों के कारण ही छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी खबर पर नजर रखी जा सकती है।

प्रदीप चौहान ने कहा कि ग्रामीण अंचल से पत्रकारिता करने वाले कई लोग आज पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे है। असली पत्रकारिता ग्रामीण क्षेत्र से ही होती है। इस दौरान पत्रकारों के कई सवालों के जवाब भी अतिथियों ने अपने उदबोधन के दौरान दिए। कार्यक्रम में सम्मिलित मुख्य अतिथि, अधिकारियों कर्मचारी, सभी समाज जनों का प्रतीक चिन्ह दुपट्टा भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आयोजन समिति के पत्रकार दिनेश पटवा, संतोष चौहान, संतोष करौरिया, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, अरुण श्रीवास्तव, राकेश सेन, माखन चौहान को शुभकामनाएं प्रेषित की। आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय पत्रकारों और ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों का फूलों की माला व साल पहनकर व प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकार गण व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पुष्प स्कूल में स्काउट गाइड ने स्थापना दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारत स्काउट गाइड के 75 वर्ष पूर्ण होने के साथ वंदे मातरम के 150 वर्ष के पुण्य होने के उपलक्ष में पुष्प सीनियर सेकेंडरी स्कूल के स्काउट गाइड द्वार विद्यालय में राष्ट्रीय गीत गायन किया। प्रार्थना सभा में स्काउट मास्टर आर सेन गाइड, प्रभारी पूजा सेन ने स्काउट गाइड की स्थापना के बारे में बताया। तत्पश्चात विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष रायसिंह मेवाड़ा, थानाप्रभारी गिरीश दुबे, प्रचार्य मेल्विन सीजे, विद्यालय के उप प्रचार्य सिस्टर सुमोल लुकास, शिक्षक जोसफ, बाबू सहित समस्त शिक्षकगण को स्काउट व गाइड द्वार ध्वज स्टिकर लगाकर स्थापना दिवस मनाया। इस दौरान राजेश मेवाड़ा एससी भोपाल सम्भाग मार्गदर्शक के दवारा दिसा निर्देश, पूजा सेन के नेत्रत्व में कार्य किया। प्रचार्य फादर मेल्विन द्वारा स्काउट गाइड को उत्साह पूर्ण स्थापना दिवस मनाया जाने अग्रसर किया।